खबर संक्षेप

अस्पताल में महिलाओं को दिलाई गर्मी से राहत

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने जिला अस्पताल में स्थित गायनीक वार्ड में गर्भवती महिलाओं को भीषण गर्मी से राहत देते हुए दो बड़े कूलर उपलब्ध कराये है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र ठाकुर ने बताया कि सांसद विवेक बंटी साहू का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक समिति के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए दो जंबो कूलर वितरित किए गए है। इसका शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू के हस्ते किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महापौर विक्रम अहके, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक समिति के मुकुल सोनी, डॉक्टर प्रवीण रघुवंशी, अमित चड्ढा, वरिष्ठ नेता राजू नरोटे, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नवीन बारस्कर, श्रीमती लीला बिजोलिया, रमाकांत पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

80 बच्चों ने दी ट्राइल जबलपुर में खेलेंगे चयनित खिलाड़ी

छिंदवाड़ा। जिला बैडमिंटन संघ छिंदवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय ओलंपिक बैडमिंटन स्टेडियम में 3 दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया उल्लेखनीय है कि बैटमिंटन प्रतिभा खोज चयन स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल स्तर में सुधार कर उनको जबलपु में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भाग लेने हेतु चयनित किया गया बालिका व बालक वर्ग के 80 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया । खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्पर्धा का शुभारंभ किया इस अवसर परप्रियकांत जुनेजा, प्रदीप वाल्मीक,रविकांत अहिरवार,डॉ अनिल जैन ,स्पर्धा सचिव जावेद खान ,अजहर खान ,तरुण विश्वकर्मा, अनिल शर्मा,विजय पवार,राकेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

कन्या विवाह योजना में छिंदवाड़ा रहा प्रथम नंबर पर, छिंदवाड़ा में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 930 जोड़ों की हुई शादी

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में छिंदवाड़ा ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

भाजपा सरकार के सहयोग से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मार्गदर्शन में संचालित हो रही मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के माध्यम से अब गरीब भी अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से करते हुए उन्हें विदाई दे रहा है। गरीबों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे गरीब भी अपनी बेटी का विवाह बाजे गाजे और धूमधाम से सम्मान के साथ कर पा रहा है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा मे आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के सामारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने नव विवाहित जोडों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की ओर से शुभकामनाएं दी और नवविवाहित जोड़ो पर फूल बरसाये।

सांसद श्री साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में प्रशासन के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में काफी अच्छा कार्य किया गया है जिसके लिए मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। इस योजना में प्रदेश में छिन्दवाड़ा सर्वाधिक विवाह कराने पर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिसमें 9 ब्लॉकों में सर्वाधिक 4251 विवाह संपन्न हुए। सांसद ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा को मिलाकर प्रदेश मे सर्वाधिक 5,200 विवाह कराने के साथ ही पूरे प्रदेश में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा भी प्रथम स्थान पर है। इसके लिए वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करता हूं। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिला भाजपा सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। दोनों जिलों में भाजपा सरकारों के सहयोग से ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है।

छिंदवाड़ा के इनर ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत बुधवार को 930 जोडों ने एक दूसरे का हाथ थामा। इसमें 12 निकाह, 6 दिव्यांग एवं 5 कल्याणी जोडों के भी विवाह हुए। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधामनमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में गरीब के कल्याण के लिए निकली योजनाओं में कन्यादान योजना भी महत्वपूर्ण योजना है। पहले गरीब को बेटी के विवाह की सम्मान के साथ करने की चिंता रहती थी।

इस योजना से सम्मान के साथ गरीब अपनी बेटी का विवाह कर पा रहा है। आज हजारों लोगों की उपस्थिति में विवाह हो रहे है। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में वर्चुअल जुडकर नवविवाहित जोड़ो को अपना संदेश देते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेसित की।

4 करोड़ 55 लाख 70 हजार के प्रतिकात्मक चैक प्रदान किये

कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू ,भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहके, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, सीईओ अग्रिम कुमार, नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के द्वारा प्रमुख अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वर वधुओं को 4 करोड़ 55 लाख 70 हजार के प्रतिकात्मक चैक प्रदान किये गये।

धूमधाम से निकली बारात

इससे पहले पोला ग्राउंड से बारात निकली जो गाजे-बाजे के साथ विवाह स्थल इनर ग्राउण्ड पहुंची। बारात में सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण उपस्थित रहे। बडी संख्या में स्थानीय नागरिक भी विवाह समारोह में पहुंचे। भारी गर्मी के बाद भी लोग बडी संख्या में देर तक मौजूद रहे।

इस अवसर पर यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, सभापति जगेन्द्र अल्डक, मनोज कुशवाहा, सुनीता विजय पाटिल, बंटी उईके, नमिता मनोज सक्सेना, चंद्रकुमार देवरे, भूरा भावरकर,प्रमोद शर्मा, रंगू यादव, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, श्रीमती लीला बजोलिया, जनभागीदारी अध्यक्ष भरत घई, बलराम साहू सहित सभी पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

पीएम श्री केव्ही 1 छिंदवाड़ा प्रथम व द्वितीय पाली के बीच सेमी में

छिन्दवाड़ा। 54वीं संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आज चौथे दिन की शुरुआत शुक्ला ग्राउंड पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा (प्रथम व द्वितीय पाली) के बीच सेमी फाइनल मैच से हुई, जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा (द्वितीय पाली) ने शानदार जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई । विद्यालय के खेल शिक्षकों शिवा और पंकज शर्मा ने बताया कि अंडर 17 का दूसरा मैच पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जी.सी.एफ क्रमांक-1 जबलपुर के बीच खेला गया, जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जी.सी.एफ. क्रमांक-1, 6 विकेट से जीता। तीसरा मैच शुक्ला ग्राउंड में जो कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा (प्रथम पाली) और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली के बीच खेला गया। जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली ने डबल सुपरओवर के बाद जीत हासिल की । वहीं पी.जी. कॉलेज मैदान में आयोजित हार्ड लाइन मैच में डिंडोरी ने जीतकर अंडर 14 में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की खेल कोच श्रीमती मेखिला ने बताया कि देर शाम तक टेबल टेनिस के विभिन्न वर्गों में व्यक्तिगत स्पर्धा जारी थी । टेबल टेनिस की तीन दिवसीय सम्भागीय स्पर्धा का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर द्वारा गत दिवस खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया था। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा से संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गई छात्राओं ने 200 मीटर की फाइनल रेस में श्रुति ने पहला स्थान और मनु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

सांसद बंटी विवेक साहू ने ब्रम्ह समाज को दी शुभकामनाएं - छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्रम्ह समाज के भवन में स्थित कार्यक्रम में शामिल होकर समस्त ब्रम्ह समाज को परशुराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज पूरा देश विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती मना रहा है। मान्यता है कि भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन प्रदोष काल में हुआ था इसी वजह से वैशाख शुक्ल तृतीया और प्रदोष काल का संयोग भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के लिए सबसे शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया का पर्व स्वयं एक अबूझ मुहूर्त कहलाता है, यानी इस दिन किसी भी शुभ कार्य को बिना विशेष मुहूर्त देखे संपन्न किया जा सकता है।

जय परशुराम के नारों से गूंजा शहर

ब्रम्ह समाज ने निकाली विशाल रैली, परशुराम वाटिका में महाआरती-प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रतिवर्ष अनुसार अनुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर बुधवार को ब्रह्म समाज कल्याण मंडल द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शाम 04 बजे संकट मोचन हनुमान मंदिर नरसिंहपुर नाका से प्रारंभ होकर श्याम टॉकीज ,चार फाटक ,तिलक मार्केट ,श्रेयांश टॉकीज छोटा तालाब ,पावर हाउस ,छोटी बाजार, मेंन रोड ,गोल गंज फवारा चौक ,ईएलसी चौक होते हुए परशुराम वाटिका पहुंची।

रैली में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वर आनंद जी गिरी के दर्शन का लाभ सभी को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही परशुराम भगवान की सजीव झांकी भी रैली में शामिल हुई। रेली के समापन पर महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वर आनंद जी गिरी के आशीर्वचन स्थानीय परशुराम वाटिका में हुए। रेली का संचालन युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित बंटी द्विवेदी सहित युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा किया गया। महिला प्रकोष्ठ ने रैली का प्रतिनिधित्व किया।

इस आयोजन में ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल अध्यक्ष विजय पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष नंदकिशोर तिवारी, वरिष्ठ मार्गदर्शक रमेश दुबे, गंगाप्रसाद तिवारी एवं आनंद बक्शी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष विभूति राकेश दुबे सहित रैली में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए।

आज आयोजित होगा ब्रम्ह समाज का मुख्य समारोहब्रम्ह समाज कल्याण मंडल अध्यक्ष पंडित विजय पांडे ने बताया कि जामुनझिरी रोड खजरी दूध डेयरी के पीछे स्थित नवनिर्मित ब्रम्ह समाज भवन में आज मुख्य समारोह आयोजित होगा।

इस समारोह में विगत दिनों आयोजित ब्रम्ह समाज प्रीमियर लीग, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किए गए प्रतियोगियों के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। इस आयोजन में सभी ब्राह्मण समाज में लोग आमंत्रित है।

महिला कांग्रेस जलाएगी चूल्हा और पकाएगी भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भाजपा सरकार के द्वारा रसोई गैस सिलेण्डर की कीमतों में की गई बेतहाशा बढ़ोत्तरी के खिलाफ महिला कांग्रेस के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जावेगा। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती दीपा यादव ने बताया कि दिनांक 01 मई 2025 दिन गुरुवार को दोपहर 3 बजे ईएलसी चौक पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। विदित हो कि भाजपा सरकार कमे द्वारा प्रति रसोई गैस सिलेण्डर के दामों पर सीधे 50 रुपयों की वृद्धि की गई है जिससे मातृशक्ति का बजट बिगड़ रहा है। कभी कांग्रेस की सरकार में रसोई गैस की कीमतों में एक अथवा दो रुपए की भी वृद्धि होती थी जो भाजपा की नेत्रियां सड़कों पर उतरकर कोहराम मचा देती थी, किन्तु आज 50 रुपए की वृद्धि पर भी वे कहीं नजर नहीं आ रही।

शहर महिला कांग्रेस के द्वारा रसोई गैस सिलेण्डर पर की गई मूल्य वृद्धि के विरोध में ईएलसी चौक पर विरोध प्रदर्शन कर चूल्हा जलाकर भोजन पकाया जाएगा साथ ही उपस्थित शहर महिला कांग्रेस की समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण चूल्हे पर पकाए हुए भोजन को गृहण करेंगी। श्रीमती यादव ने शहर महिला कांग्रेस की समस्त पदाधिकारियों को आयोजित विरोध प्रदर्शन में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

संविधान बचाओ रैली को लेकर की चर्चा

छिन्दवाड़ा: मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की उपस्थिति में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली के संदर्भ में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई। संविधान की रक्षा व संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर के मान व सम्मान को बनाए रखने हेतु निकाली जा रही संविधान रैली में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई।

जिले के 2.26 लाख कृषकों को मिली 12वीं किश्त

जिले के 2.26 लाख कृषकों को मिली 12वीं किश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिनांक 30 अप्रैल 2025 को धार जिले के उमरबन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की प्रथम एवं योजना की कुल 12वीं किस्त एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि का भुगतान किया। इस दौरान छिंदवाड़ा जिले के 2,26,986 पात्र कृषकों को 2,000 रू प्रति किसान की दर से कुल 45.39 रूपये करोड़ की राशि सीधे आधार लिंक खातों में अंतरित की गई।

संबल योजना के तहत छिंदवाड़ा जिले के 981 हितग्राहियों को 21.16 रू करोड़ की अनुग्रह सहायता- मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना की अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले में कुल 981

हितग्राहियों को 21.16 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इसमें जनपद पंचायत अगरवाड़ा में 108, बिछुआ में 50, छिंदवाड़ा में 83, चौरई में 95, हरई में 32, जुन्नारदेव में 127, मोहखेड़ में 128, परासिया में 145 एवं तामिया में 55 हितग्राही शामिल रहे। इसके अतिरिक्त नगर निगम छिंदवाड़ा व विभिन्न नगरपालिकाओं में भी हितग्राहियों को राशि प्राप्त हुई।

पांढुर्णा जिले में 103 हितग्राहियों को 3.46 रू करोड़ की सहायता-राशि का भुगतान किया गया। इसी योजना के अंतर्गत पांढुर्णा जिले के 103 हितग्राहियों को 3.46 रूपये करोड़ की राशि वितरित की गई। इसमें पांढुर्णा जनपद पंचायत के 73, सौसर के 40 तथा नगर पालिका पांढुर्णा के 29, सावर के 2, पिपलानारायणवार के 5, लोधीखंडा के 5 एवं मोहगांव के 1 हितग्राही सम्मिलित हैं।

राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर हितग्राहियों द्वारा देखा गया। वेबकास्ट लिंक के माध्यम से । जिला मुख्यालय पर यह कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रसारित किया गया, जिसमें छिंदवाड़ा/पांढुर्णा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, नगर निगम महापौर श्री विक्रम अहके, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कृषक हितग्राही उपस्थित रहे।

अतिक्रमण भूमि में अनमोल वन संपदा हानि की जिम्मेदारी हो तय

झिरपा रेंज में वन भूमि से हटाए गए अतिक्रमण से खुली रेंजर एवं मैदानी अमले की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

पश्चिमी वन मंडल के अंतर्गत आने वाले 15 हेक्टेयर जंगल में हुए वन भूमि पर अतिक्रमण को वन अमले ने शांतिपूर्ण रूप से हटा दिया है! झिरपा रेंज की बीट वुड्डी के कक्ष क्रमांक 75 में इस स्थान से अतिक्रमण हटाकर कंटूर ट्रेंच व गड्ढे खोदकर इसमें आगामी दिनों में पौधारोपण की तैयारी की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिक्रमणकारियों को तीन दिन पूर्व अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया था। इस अतिक्रमण को हटाये जाने से झिरपा वन अमला अपनी पीठ थपथपा रहा है कि हमने अपनी ही बनभूमि से अतिक्रमण हटा दिया

लेकिन इस क्षेत्र में कई वर्षों से वन भूमि में अतिक्रमण कर लोग खेती कर रहे हैं। इस अतिक्रमण के पीछे वन विभाग की लापरवाही साफ देखने मिली? कि इतने बड़े रकबे में वन भूमि पर ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया और फसल वो रहे हैं। बतलाया तो यह भी जा रहा है कि इसी क्षेत्र में 60 हेक्टर से भी ज्यादा वन भूमि पर अतिक्रमण हुआ है। इस तरह झिरपा मैं वन विभाग की लापरवाही से सागौन की अवैध कटाई होना आम बात है। झिरपा रेंजर द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के फोटोग्राफ भी सार्वजनिक नहीं किए गए। इससे भी उनकी कार्य प्रणाली पर सवाल उठते हैं कि उनको इस रेंज मै लगभग 2 वर्ष के कार्यकाल बाद अतिक्रमण हटाने की क्यों याद आई और कितने लोगों पर अतिक्रमण का प्रकरण बनाया गया इसका भी कहीं विभाग द्वारा प्रचार प्रसार नहीं किया गया।

इतने वर्षों से अतिक्रमणकारियों ने इतनी आसानी से अतिक्रमण कैसे हटा लिया यह सारे जांच के विषय तो बनते हैं और साथ ही इस क्षेत्र के नाकेदार डिप्टी रेंजर की मैदान में तैनाती होने के बावजूद वन भूमि पर अतिक्रमण होना आश्चर्यजनक बात से कम नहीं है। यदि जांच की जाएगी तो अतिक्रमण के पहले जंगल कितना घना था और इसके झाड़ कहां गए जो वन संपदा के रूप में हुई हानि का आकलन करना मुश्किल है। रेंज में वन भूमि को अतिक्रमणकारियो से विभाग के कब्जा हटाने में किसी विवाद का ना होना भी चर्चा को जन्म देता है, कहीं रेंजर एवं मैदानी अमला निकट भविष्य में अपनी सी आर सुधारने की जुगत में तो नहीं है। यह सारे विषय अतिक्रमण करने वाले एवं अतिक्रमण हटाने वाले अधिकारियों के द्वारा हटाया अतिक्रमण जांच की ओर संकेत करता है।

नपाध्यक्ष एवं प्रशासन ने किया डैम का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

भीषण गर्मी से सिंगोड़ी डैम का जलस्तर हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा में मौसम का पारा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन बेहाल कर रखा है। एक सप्ताह के अंदर एकदम से इतनी तेज गर्मी पडऩे से जहां एक ओर जनजीवन बेहाल है वहीं दूसरी ओर शहर में पेयजल संकट की स्थिति बनने लगी है।

जलस्तर की पूर्ति के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रति नितिन तिवारी एवं सभापति पार्षदों के साथ प्रशासन में डैम का निरीक्षण कर पानी की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है जिसे समस्त नगर वासियों को पेयजल मिल सके डैम के जलस्तर को देखते हुए शासन एवं प्रशासन ने समस्त जनता से अपील की है कि पानी का दुरुपयोग ना करें जिससे आने वाले संकट का निवारण किया जा सके भीषण गर्मी के कारण शहर को पेयजल आपूर्ति करने वाले तालाबों का पानी तेजी से वाष्पीकृत हो रहा है। इससे शहर में जल संकट की स्थिति बनने की आशंका बनने लगी है। इसको लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं प्रशासन और नगर के लोग चिंतित हैं। गौरतलब है कि नगर पालिका द्वारा शहर सक्रवाडा के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। वर्तमान स्थिति में तीनों तालाब में इतना कम पानी है कि कुछ दिन महा शेष पानी की सप्लाई की जा सकती है, लेकि इन दिनों पड़ रही तेज गर्मी के कारण तालाबों का पानी तेजी से वाष्पीकृत होकर उड़ रहा है। इससे नगर पालिका के आशंका है कि यदि गर्मी इसी रफ्तार से पड़ती रही तो तीनों तालाबों से बारिश होने तक पानी सप्लाई हो पाना मुश्किल हो सकता है। शहर के लोगों की भी यही चिंता है। यदि नगर पालिका द्वारा भीषण गर्मी के दिनों में पानी की सप्लाई नहीं की जा सकी तो शहर के हालात खराब हो सकते हैं। टैंकरों के माध्यम से पूरे शहर को जल आपूर्ति करना बेहद मुश्किल काम होगा। इसलिए शासन प्रशासन ने जनता से अपील की है कि पानी दुरुपयोग ना करें जिससे आने वाले संकट का निवारण किया जा सकता है अभी प्रचंड गर्मी का पहला चरण है। इसी के साथ मुख्यालय के सरकारी और निजी बोरिंग जवाब देने लगे हैं। जानकारों के अनुसार गर्मी बढऩे के कारण पानी के वाष्पीकृत होने से लगातार वाटर लेवल भी गिर रहा है। इसके कारण बोरिंग जवाब देने लगे हैं। पानी की समस्या और भी अधिक गंभीर रूप ले सकती है। तालाबों में अभी पानी है। जिस तरह यदि ऐसे ही हालात रहे तो आगामी दिनों में समस्या हो सकती है।

श्री मोहोड़ ने किया वैष्णो देवी मंदिर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर परिषद लोधीखेडा में वार्ड नंबर 1 में मॉ वैष्णो देवी मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ लोकार्पण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने पूजा अर्चना कर मॉ वैष्णो देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया और जिलेवासियों की समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की है।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री मोहड़ ने कहा की वैष्णो देवी के मंदिर निर्माण से क्षेत्र में धर्म का प्रचार प्रसार होगा भाईचारा बढ़ेगा, साथी इसी मंदिर से वर्षभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे वैष्णो देवी मंदिर निर्माण के लिए लोधीखेड़ा वासीयो को श्री मोहड़ के द्वारा बधाई भी दी गई है,इस अवसर पर लोधीखेड़ा नगर पंचायत उपाध्यक्ष नंदकुमार राय,दिनेश रायकवार, लीलाधर बंगडे, महेंद्र कोल्हटकर, नामदेव ईवनाती, मिलन उईके जी,रजनीश कोहड, दिनेश बांगडे, पांडुरंग लिखारे,पुरुषोत्तम रायकवार, गणेश कैकाडे,रमेश कोल्हटकर सुरेश कोल्हटकर, सुरेश कोल्हटकर, सुरेश कोलते,मोहन रायकवार आदि थे।

सड़क दुर्घटनाओं में हो रही 50 प्रतिशत कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

आज यहां कलेक्टर सभाकक्ष में जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक संपन्न हुइ। इसमें बताया गया कि कलेक्टर पांढुर्ना एवं एसपी पांढुर्ना द्वारा लगातार जारी निर्देशों के कारण जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 के बीच हुई सडक दुर्घटनाओं की तुलना में इस वर्ष जनवरी 2025 से अप्रैल 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या 50 प्रतिशत कम हो गई है। आज की बैठक में अजय देव शर्मा कलेक्टर पांढुर्ना, सुंदर सिंह कनेश पुलिस अधिक्षक पांढुर्ना, यातायात प्रभारी आकांक्षा सहारे, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, सुधांशु चौरसिया पीडब्ल्यूडी एवं अन्य उपस्थित रहे।

बीते साल सडक सुरक्षा समिति की बैठकों में कलेक्टर एवं एसपी द्वारा अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सडक सुरक्षा को लेकर लगातार नए नए दिशा निर्देश जारी किए जाते रहे है। इसी के परिणामस्वरूप इस बरस सडक दुर्घटनाओं की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी आने का मुद्दा बैठक में चर्चा का विषय रहा। इसके बावजूद मुख्य एवं आंतरिक मार्गों पर लापरवाहीपूर्वक एवं शराब के नशे में वाहन चलानेवालों के खिलाफ कारवाई तेज करने करने के लिए पेट्रोलिंग बढाए जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि पूर्व में जारी निर्देशानुसार राजना जोड पांढुर्ना से बजाज जोड सौंसर तक के मार्ग में संकेतक लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। मुख्य मार्गों पर सडक दुर्घटनाएं रोकने हेतु जिले में कुल 10 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए है।

शराब का नया ठेका होते हीं महंगे दामों में बिक रही शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

देशी विदेशी कम्पोजित शराब दुकान दमुआ की सभी विदेशी देशी शराब दुकानों में मेहंगी दामों रेट में शराब बिक रहीं है। जब से नया ठेका का शराब दुकानो का हुआ है तब से मेहंगी दाम रेट में देशी विदेशी शराब बेची जा रहीं है मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि इस वर्ष मार्च 2025 में जो शराब का ठेका हुआ है तब से देशी विदेशी शराब दुकानों दमुआ में मेहंगे दर रेट में शराब बिक रहीं है। जबकि इसके पहले कभी शराब इतनी मेहंगी नहीं बिकी जो आज बिक रहीं है। शराब पीने वाले शोकिन भाईयों ने बताया कि जब से शराब का ठेका हुआ है तब से देशी विदेशी शराब मेहंगी मिल रहीं है जबकि इसके पहले भी हम शराब पीते थे मगर इतनी मेहंगी शराब नहीं मिलती थी। जो आज मिल रहीं भारी दामों में शराब ठेकेदार द्वारा मेहंगे दाम एवं रेट में शराब बिकवाई जा रहीं है जैसे आर एस, फोक्स, ओसी, ऑफिसर च्वाईस, बेग पाईपर, डिप्लोमेन्ट, रम, प्लेन, ब्लेक बिलेजर, आरसी, टेगो, जिप्सी, किंगफिसर बियर,, बाटल, वेयर पाव नीब आदि अन्य सभी प्रकार की शराब व्हरायटी में मिलने वाली सभी देशी विदेशी शराब मेहंगी बिक रहीं है। शराब पीने के शोकिन भाई शराब पीने से घबराह रहे है क्योंकि शराब मेहंगी दर रेट में मिल रहीं है फिर भी शराब पीना नहीं छोड़ रहें है। इस तरह शराब पीने के शोकिन भाईयों के साथ हो रहीं है पैसों की लूट और बिक रहीं है मेहंगे दामों रेट में शराब सम्बंधित विभाग के उच्चाधिकारी एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिये। जबकि शराब पीने से सेहत में बुरा असर पडता है नशे की लत एवं शराब के नशे में डूबे रहने से इज्जत भी खराब होती है और शरीर एवं रूपया पैसा भी बरबाद होता है और शराब का नशा करने वाले लोगो का परिवार परेशान रहता है फिर भी लोग शराब पीना नही छोडते है जबकि शराब की बोतल पर लिखा भी होता है कि शराब पीना सेहत के लिए हानिकारक है।

कर्मचारी संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर इंगले को भावभीनी विदाई

पांढुर्ना। शासकीय माध्यमिक विद्यालय खैरीपैका में पदस्थ तृतीय कर्मचारी वर्ग जिला पांढुर्ना अध्यक्ष चंद्रशेखर इंगले का विदाई समारोह आज शाला में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता ग्राम सरपंच हिरालाल पराडकर एवं मुख्य अतिथि भाजपा नेता कृष्णकुमार डोबले तथा संकुल प्राचार्य मलिक सर ने की।

अपने संघ के सदस्यों विशेष रूप से शिक्षकों में कार्यकुशल एवं कर्मचारी हितों के लिए सदैव संघर्ष करनेवाले कर्मचारी नेता के सेवानिवृत्त होने से कर्मचारियां में निराशा का वातावरण रहा। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में चंद्रशेखर इंगले को निर्भिक निडर तथा सत्य के पक्ष में लडनेवाला एकमात्र कर्मचारी नेता बताया। इस समारोह में तृतीय रेणी कर्मचारी संघ जिला सचिव रामगोपाल मोयर, तहसील अध्यक्ष शेषराव रेवतकर, सुनील चौधरी, धारपूरे, कोहले, बीर मोरेश्वर, नरेंद्र बांबल, यावले, प्राचार्य पुरूषोतम आखरे, सूर्यवंशी मैडम, तुलाराम कुमरे, सुभाष डोबले तथा संजय डाबरे उपस्थित रहे।

जल्द ही होगा दिव्यांग जन कल्याण संघ के नवीन कार्यकारिणी गठन

3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर दिव्यांग जन कल्याण संघ के अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज लाँजी।

दिव्यांग जन कल्याण संघ के लाँजी भनेगांव के अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा दने दिनांक 28 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को शाम 7:00 बजे उपाध्यक्ष के निवास पर पहुंचकर अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफ़ा दिया दिव्यांग जन कल्याण संघ के सचिव रूपेश कुमार कुथे द्वारा इस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा गया कि अध्यक्ष तन्मय मिश्रा द्वारा 3 वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है उहोंने संघ के आगामी निर्वाचन कार्य में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता हेतु यह निर्णय लिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा संघ के उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे को सौंपा है उल्लेखनीय हैं कि दिव्यांगजन कल्याण संघ की स्थापना 25 फरवरी 2019 को तन्मय जगदीश मिश्रा के द्वारा किया गया था। संस्था के 7 वर्षों कि गौरवशाली यात्रा में मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है इस अवसर पर उनके द्वारा संघ के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों एवं मीडिया प्रभारियों का कार्यकाल पूर्ण होने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे द्वारा संघ के पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर नवीन कार्यकारिणी गठन तक कार्यवाहक अध्यक्ष बने रहने की अपील की गई इस अवसर पर संघ की संरक्षक श्रीमती प्रमिला देवीचरण ठाकरे द्वारा संघ के परंपरा अनुसार जगदीश मिश्रा के सम्मान में विशेष रात्रि भोज का आयोजन शीघ्र ही किया जाएगा।कार्यवाहक अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा ने कहा कि एनजीओ में पारदर्शिता एवं सुधार लाने हेतु सरकार के प्रयास का संघ पूर्ण समर्थन करता है। उक्त बैठक में अध्यक्ष तन्मय मिश्रा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे, कोषाध्यक्ष जितेंद्र रावते, सचिव रूपेश कुमार कुथे, शिकायत अधिकारी कु, पारुल ठाकरे प्रेरक जगदीश मिश्रा, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ब्राह्मण समाज ने की भगवान परशुराम की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। परशुराम जयंती के पावन अवसर पर वारासिवनी नगर के परशुराम सामुदायिक भवन में ब्राह्मण समाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संदीप मिश्रा व अन्य विप्रवर द्वारा विधि विधान से भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा अर्चना मंत्रोच्चारण के साथ भक्तिमय वातावरण में की गई। कार्यक्रम में उपस्थित विप्रजनों ने भगवान परशुराम को फल, फूल और नैवेद्य अर्पित किए। इस अवसर पर वारासिवनी पुलिस थाना प्रभारी हेमंत नायक भी उपस्थित रहे। उन्होंने ब्राह्मण समाज के विप्रजनों के साथ मिलकर भगवान परशुराम की पूजा में भाग लिया और सभी को परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष संदीप मिश्रा, दीपक आड़े, बब्बू मिश्रा, शरद दुबे, विनोद मिश्रा, अनीश मिश्रा, आर के शर्मा, संतोष त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा, रितेश शर्मा, सहित सभी सामाजिक विप्र बंधूगण उपस्थित रहे।

सूचना के अधिकार के आवेदनों पर समय सीमा में नहीं दी जाती जानकारी

नगरपालिका सीएमओ उड़ा रही सूचना का अधिकार व सीएम हेल्पलाईन की धज्जियॉ

सी एम हेल्पलाईन में भ्रमित जानकारी दर्ज करवा कर बंद करवाने का किया जाता हैं प्रयास

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। शासकीय विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यो में पारदर्शिता रखने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा सूचना का अधिकार कानून एवं विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सी एम हेल्पलाईन सुविधा प्रारंभ की गई हैं। सी एम हेल्पलाईन में अपनी समस्याओं को भेज करना गरिकगण उसका समाधान करवाते हैं। लेकिन नगरपालिका परिषद वारासिवनी मेंसूचना का अधिकार कानून एवं सी एम हेल्पलाईन योजना की धज्जियॉ उड़ाई जा रही हैं।

शिकायतों व आवेदनों का सही समय पर नहीं करती हैं निराकरण: नगरपालिका परिषद वारासिवनी में पदस्थ मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डेहरिया के लिए इन दोनों ही योजनाओं का कोई भी महत्व नहीं हैं। उनके द्वारा ना तो सूचना के अधिकार कानून के तहत लगाए गए आवेदनों का समय सीमा के अंदर निराकरण किया जाता हैं और ना ही सी एम हेल्पलाईन में की गई शिकायतों का सही तरीके से निराकरण किया जाता हैं। सूचना के अधिकार के तहत लगाए गए आवेदनों का तो समय सीमा में कोई जवाब ही नहीं दिया जाता हैं, लेकिन वहीं सी एम हेल्पलाईन की शिकायतों का निराकरण करने के स्थान पर रस्म अदायगी की कार्यवाही कर उसका निपटारा करने का प्रयास किया जाता हैं।

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की 29 जनवरी को की गई शिकायत: इस संबंध में वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 9 निवासी विक्की सेंदरे ने बताया कि उनके द्वारा 29 जनवरी 2025 को सी एम हेल्पलाईन में एक शिकायत की गई थी, जिसमें उन्होंने वार्ड नम्बर 9 में कालोनाईजर रितेश पटले द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रुप से कब्जा कर अतिक्रमण कर निजी कालोनी बनाई जा रही हैं। जिस पर कार्यवाही की जावे।

उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा शासकीय भूमि को कालोनाईजर रितेश पटले के कब्जे से मुक्त कराने के स्थान पर सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति कर दी और शिकायत को बंद करने के लिए लिख दिया। जबकि आज भी रितेश पटले द्वारा शासकीय भूमि पर किया गया कब्जा यथावत हैं। यहीं नहीं रितेश पटले द्वारा बनाई जा रही निजी कालोनी के लिए उनके द्वारा शासन के किसी भी विभाग से अनुमति हासिल नहीं की गई हैं और इस कालोनी को एसडीएम वारासिवनी द्वारा अवैध घोषित करते हुए वहॉ पर प्लाटों की खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी गई हैं। उसके बावजूद भी उस कालोनी में पक्की सडक़ें व भवन का निर्माण हो रहा हैं।

अवैध कालोनी में हो रहे निर्माणों के संबंध में नहीं दे रही जानकारी: शिकायतकर्ता धीरज विक्की सेंदरे ने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा सूचना के अधिकार के तहत 21 मार्च 25 को एक आवेदन भी नगरपालिका परिषद वारासिवनी के लोक सूचना अधिकारी के समक्ष विधिवत फीस जमा कर लगाया था। जिसमें उन्होंने वार्ड नम्बर 9 अयोध्या बस्ती के पास रितेश पटले द्वारा अवैधानिक रुप से बनाई जा रही कालोनी में हो रहे भवन निर्माण, सडक़ निर्माण व अन्य निर्माण कार्यो के संबंध में नगरपालिका द्वारा जारी की गई अनुमति से संबंधित दस्तावेज व यदि बिना अनुमति निर्माण कार्य हो रहे है, तो नगरपालिका द्वारा की गई कार्यवाही के दस्तावेज मॉगे गए थे। लेकिन आवेदन का जवाब देने की समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद भी लोक सूचना अधिकारी द्वारा आज तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं।

इस प्रकार नगरपालिका परिषद वारासिवनी की सीएमओ दिशा डेहरिया द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए सूचना के अधिकार कानून व प्रदेश सरकार के सी एम हेल्पलाईन योजना की धज्जियॉ उड़ाकर सरकार की सुशासन की मंशा पर पानी फेरने का कार्य किया जा रहा हैं। शिकायतकर्ता धीरज विक्की सेन्दरे ने कहा कि इस संबंध में उनके द्वारा उच्चाधिकारियों के समक्ष अपील कर शिकायत शीघ्र की जायेगी।

अवैध कालोनियों में खरीदी-बिक्री पर कलेक्टर व एसडीएम ने लगाई हैं रोक: यहॉ उल्लेखनीय हैं कि नगर में बिना वैधानिक अनुमति के प्लाटिंग कर कालोनी बनाने का कार्य जोरों पर चल रहा हैं। जिसके बारे में नगरपालिका के अधिकारियों को पूरी जानकारी हैं। उनके द्वारा अवैध रुप से कालोनी बनाने वाले कालोनाईजरों को बाकायदा नोटिस भी जारी किए गए हैं और उनकी सूची एसडीएम वारासिवनी व कलेक्टर बालाघाट को भेजी गई हैं। जिसके आधार पर कलेक्टर बालाघाट व एसडीएम वारासिवनी द्वारा कुछ कालोनियों में प्लाटों की खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई हैं।

अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह कुप्रथा के रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज लाँजी।

म०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण , न्यायाधीश / सचिव सतीश शर्मा के निर्देशानुसार प्रीतम शाह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय लांजी के मार्गदर्शन में दिनांक 30 अप्रैल 2025 अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह कृप्रथा के रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता कार्यकम ग्राम पंचायत देवरबेली एवं ग्राम देवलगांव में आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में पीएलवी धीरज वाहने सिविल न्यायालय लांजी द्वारा अवगत कराया गया कि विवाह की सही उम्र लडके की 21 वर्ष एवं लडकियों की 18 वर्ष होती है इस उम्र के साथ वे शारिरीक एवं मानसिक परिपक्व होने लगते है इस उम्र के पूर्व विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है जो एक कानूनन अपराध है। बाल विवाह का सीधा असर न केवल लड़कियों पर, बल्कि उनके परिवार और समुदाय पर भी होता है। जिससे उसे घरेलू हिंसा और शारीरिक समस्या का सामना करना पडता है की जानकारी दी गई। नालसा एवं सालसा की योजना जैसे पीडित प्रतिकर योजना, एसिड एटैक से पीडित के लिए विधिक सहायता योजना, निःशुल्क विधिक सहायता अधिवक्ता योजना एवं आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी गई। श्री विजय कुमार भोण्डेकर सिविल न्यायालय लांजी द्वारा अवगत कराया गया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का अतिक्रमण करता है जिससे उनपर हिंसा, शोषण तथा यौन शोषण का खतरा बना रहता है। बाल विवाह बचपन खत्म कर देता है, बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है साथ ही बाल अपराध, साईबर काइम, मोटर व्हीकल एक्ट एवं मीडिएशन आदि की जानकारी दी गई।महिला एवं बाल विकास से उपस्थित पर्यवेक्षक द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीडन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा का मतलब केवल शारीरिक हिंसा नहीं है बल्कि इसमें भावनात्मक, मानसिक और वित्तीय शोषण भी शामिल है। हमारे समाज में प्रत्येक वर्ष घरेलू हिंसा के कई मामले सामने आते है। हमारे समाज में घरेलू हिंसा व्यापक रूप से फैली हुई है और इसका महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण पर गंभीर प्रभाव पडता है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई एवं रैली निकालकर प्रचार-प्रसार किया गया तथा सिविल न्यायालय तहसील विधिक सेवा समिति लांजी से संपर्क करने का भी आग्रह किया गया। कार्यक्रम में देवरबेली सरपंच, उपसरपंच, सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी पर्यवेक्षक, आंगनवाडी कार्यकर्ता, महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहे।

जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए एक दिवसीय विशेष अभियान का हुआ आयोजन

बालाघाट। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में बुधवार को एक दिवसीय विशेष अभियान के तहत ग्राम पंचायत भरवेली में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बाल विवाह रोके जाने एवं बाल विवाह न हो इसके लिए तहसील एवं जिले स्तर पर टीम का गठन किया गया। जो की ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आमजन को जागरुक करने के साथ ही ऐसी किसी भी घटना पर अंकुश लगाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। इस दौरान न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे द्वारा ग्राम पंचायत भरवेली में जागरुकता शिविर के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा) योजना 2024 एवं पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

खबर संक्षेप

डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जानकारी देकर बताया कि देश में निरंतर दूध एवं दुग्ध उत्पादों की बढती मांग को दृष्टिगत रखते हुये एवं उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना जिले में प्रारंभ की गई है। इस योजना अंतर्गत दुधारू पशुओं की स्थापना की जा सकेगी जिसमें हितग्राहियों को बैंक ऋण एवं शासकीय अनुदान का प्रावधान है। आवेदन आनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जावेगा। एक हितग्राही एक या एक से अधिक इकाई अधिकतम 08 इकाई ले सकता है। एक इकाई में 25 गाय या भैंस होगी। हितग्राही के पास कम से कम 3.5 एकड भूमि प्रति इकाई होना आवश्यक है।

किसान रहे सावधानः नरवाई जलाने को लेकर कुरई के तीन किसानों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरई ने फसल कटाई उपरांत नरवाई जलाने को लेकर तीन किसानों को नोटिस जारी कर 02 मई के पूर्व उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं कि क्यों न उन पर नरवाई न जलाने के दिशा निर्देशों के उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाए। जिसमें तहसील कुरई के ग्राम सापापार के कृषक नबल, सबल पिता भोपत द्वारा भूमि खसरा नंबर 194 रकबा 0.68 पर नरवाई जलाने को लेकर नोटिस जारी किया गया है। जवाब समाधान कारक न होने पर 2500/- रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा। इसी तरह ग्राम बादलपार के कृषक शेरसिंह पिता सीताराम

की भूमि खसरा नंबर 470 रकबा 0.46 हेक्टेयर भूमि पर नरवाई जलाने पर 2500/- रूपये अर्थदण्ड का नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह ग्राम आलेसुर की कृषक मती सियाबती पति भैयालाल की भूमि खसरा नंबर 148/2 कुल रकबा 1.23 हेक्टेयर भूमि पर नरवाई जलाने पर 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड आरोपित करने का नोटिस जारी किया गया है।

इधर,दो किसानों पर नरवाई जलाने को लेकर अर्थदण्ड आरोपित

अनुविभागीय अधिकारी बरघाट संदीप श्रीवास्तव द्वारा ग्राम सेलूवा कलां पहनं.01 के भूमिस्वामी रामनाथ पंचेश्वर पिता मंगलू जाति मरार के द्वारा खसरा नं. 314/3 रकबा 1.40 हे. भूमि एवं भूमिस्वामी बरखा पति जे एस राहंगडाले जाति पंवार के द्वारा खसरा नं. 314/1, 314/2 रकबा 1.45, 1.40 हे. भूमि के गेहूं कटाई के उपरांत बचे नरवाई जलाने को लेकर जारी किये किये गये कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषप्रद न पाये जाने को लेकर दोनों किसानों पर 2500-2500 रूपये इस प्रकार कुल 5000/- का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

पुलिस ने पकड़ा अवैध शराब का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

थाना डुण्डासिवनी पुलिस द्वारा एक सफेद रंग की अर्टिगा कार में अवैध परिवहन करते हुए 36 पेटी देशी शराब सफेद एवं लाल मसाला शराब जप्त करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। थाना डूंडासिवनी में दिनांक 28/04/2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की अर्टिगा कार में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है जो कटंगी अरी से जनता नगर की ओर आ रही है सूचना पर तत्काल पुलिस स्टाफ रवाना किया गया जो रात्रि करीबन 09/00 बजे एक सफेद रंग की अर्टिगा कार अरी तरफ से आते हुए दिखाई दी जो कार चालक पुलिस की गाड़ी को देखकर अर्टिगा कार को जनता नगर बाईपास से बरघाट बाईपास रोड़ की तरफ तेज गति से भगाने लगा पुलिस के द्वारा

अर्टिगा कार से हुई 36 पेटी शराब जप्त

उक्त संदिग्ध अर्टिगा कार का पीछा किया गया जो कार चालक कार को जगदम्बा सिटी के गेट के पास खड़ी कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस के द्वारा संदिग्ध अर्टिगा कार क्रमांक **MP50R5050** की तलाशी लेने पर कार के अंदर 36 पेटी देशी मदिरा सफेद एवं लाल मसाला कुल 1396 पाव (323.28 लीटर) भरी होना पायी गयी। जो मौके पर कार्यवाही कर मय अर्टिगा कार के उक्त अवैध शराब को जप्त कर अज्ञात चालक के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

एक तरफ जरुरत मंद को रक्तदान किया दूसरी तरफ नंदी महाराज का इलाज भी करवाया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। हिन्दु सेवा परिषद सिवनी के प्रदेश सह सचिव धनराज माना ठाकुर द्वारा एक जरुरत मंद को रक्तदान किया गया । जिसमे मुख्य रूप से हिन्दु सेवा परिषद के जिला महा सचिव पिंकेश विश्वकर्मा , अर्पित बघेल, शिवा बघेल एवं हिन्दु सेवा परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे । शिवानी बघेल ग्राम लखनवाड़ा जिन्हें रक्त की आवश्यकता पर हिंदू सेवा परिषद ने रक्त भेंट किया हिंदू सेवा परिषद के द्वारा एसपी बंगले के आगे बिसेन हॉस्पिटल के पास एक नंदी महाराज का इलाज भी किया और निरंतर हमारे गुरु श्रीवास गौ रक्षा प्रमुख जोकी निरंतर हर दिन गाय की सेवा में कोई ना कोई कार्य करते रहते हैं गाय को हरी सब्जियां देना जैसे कि आज एक नंदी महाराज का उपचार गुरु श्रीवास गौ रक्षक प्रमुख दीपक रजक मंदिर संरक्षक अध्यक्ष, अभिषेक साहू रक्त प्रमुख और अन्य सदस्य शामिल रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पोटिया में जल संगोष्ठी एवं तालाब में श्रमदान किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृती जैन के निर्देशन एवं जनपद सीईओ सुश्री अंजू भारती के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सेटेवानी के ग्राम पोटिया विकास खंड कुरई में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक समन्वयक अफशा खान के द्वारा बताया गया कि जल आने वाले समय में कितना महत्वपूर्ण है और उसके बिना जीवन असंभव है।

जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पानी रोकने के उपचार की भी बात रखी गई। गांव में भ्रमण करते हुए रैली स्थानीय तालाब पहुंची जहां पर छात्र-छात्राओं, ग्राम वासियों, मेंटर्स नवांकुर से मुकेश शर्मा ने श्रमदान कर तालाब की साफ-सफाई एवं तालाब से कचरा उठाकर एक जगह इकट्ठा किया। जिससे पानी का भराव बढ़ सके। समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति

अर्जुन शर्मा ने लगातार दूसरा राष्ट्रीय MMA गोल्ड जीतकर सिवनी का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले की प्रतिष्ठित मार्शल आर्ट संस्था द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अर्जुन शर्मा ने एक बार फिर जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। मुंबई के प्रियदर्शिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मुलुंड वेस्ट में आयोजित अर्जुन ने अंडर-60 किलोग्राम (युवा वर्ग) में भाग लिया और उत्तर प्रदेश के मोहम्मद समीर को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

यह अर्जुन की लगातार दूसरी MMA जीत है। अपने डेब्यू में गोल्ड जीतने के बाद यह दूसरा राष्ट्रीय पदक उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी की प्रभावी प्रशिक्षण पद्धति का प्रमाण है। (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) आज के युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रहा

है। भारत की पूजा तोमर (UFC में पहली भारतीय महिला फाइटर), अंशुल जुबली और भारत कंडारे जैसे फाइटर्स ने विश्व मंच पर भारत का नाम रोशन किया है। अर्जुन सहित अनेक भारतीय फाइटर्स अब इस रास्ते पर अग्रसर हैं।

इस उपलब्धि पर द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी के संस्थापक, मुख्य प्रशिक्षक एवं निदेशक सेंसेई निकेश पद्माकर ने कहा "हमारा उद्देश्य केवल खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और नैतिक मूल्यों से सुसज्जित करना भी है। अर्जुन शर्मा की यह उपलब्धि हमारी प्रशिक्षण प्रणाली और उनके समर्पण का परिणाम है। हम भविष्य में भी ऐसे ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस शानदार प्रदर्शन पर अर्जुन शर्मा को सिवनी विधायक दिनेश राय, जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता, जिला शिक्षा अधिकारी एस. एस. कुमरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे, वरिष्ठ पदाधिकारी संतोष अग्रवाल, श्री पांडे, सुरेंद्रनाथ शुक्ला, देवेंद्र सिंह ठाकुर, देवेंद्र सिंह राजपूत, नरेंद्र (गुड्डू) ठाकुर, नवीन नाविक, दिनेश सेन, देवेंद्र सेन, माधव दुबे, महर्षि विद्या मंदिर एवं महात्मा गांधी स्कूल के प्राचार्यगण, प्रदीप वर्मा, आशीष अग्रवाल, पीएमएल के संस्थापक निमित्त साहनी तथा अनेक खेल प्रेमियों ने बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दीं।

जलापूर्ति व्यवस्था में नगरपालिका के कर्मचारियों की रही सराहनीय भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भीमगढ डैम के जलस्तर कम होने से सिवनी नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपजे जल संकट के निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर कार्यवाही की गई। तात्कालीन समय में बंडोल समूह नलजल योजना से नगरीय क्षेत्र में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की व्यवस्थाऐं की गई। वहीं दूसरी ओर सुगम जलापूर्ति के लिए भीमगढ डैम के जलस्तर को बढ़ाने के लिए छिंदवाड़ा जिले के पेंच माचागोरा बांध से नहर के माध्यम से पानी भीमगढ़ डैम पहुंचाया गया है। इस संपूर्ण अभियान में नगरपालिका विभाग के

अमले की उल्लेखनीय भूमिका रही है। नगरपालिका के अधिकारी से लेकर निचले कर्मचारी ने जलापूर्ति व्यवस्था में अपने शासकीय दायित्वों के साथ-साथ मानवीय दायित्वों का भी आगे बढ़कर निर्वहन किया है। कर्मचारियों द्वारा डेम की गीली मिट्टी में जेसीबी एवं अन्य मशीनरी से खुदाई न होने पर स्वयं सुआखेड़ा इंटेकवेल तक अप्रोच बनाने का जिम्मा अपने हाथों में लिया तथा उसे त्वरित रूप से पूरा भी किया जो कि भीषण गर्मी एवं उमस के दौरान निश्चित रूप से

सराहनीय कार्य है।

कलेक्टर सु जैन द्वारा जलापूर्ति कार्यों में लगे सभी कर्मचारियों की सराहना करने के साथ-साथ नगरवासियों से अपील की है कि वह नियमित जलापूर्ति होने के उपरांत भी व्यर्थ पानी का बहाव न करें। गाड़ी धोने, घर की साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों में पानी का दुरूपयोग न करें। उन्होंने नगरवासियों से सभी घरों तक सुगम जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मोटर पंप के माध्यम से पानी न लेने की भी अपील की है।

सेवा निवृत्त हुए कर्मचारियों को किया गया पी.पी.ओ. वितरण

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर सु संस्कृति जैन द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त हुए 21 शासकीय सेवकों को पेंशन पेमेन्ट आर्डर (पी.पी.ओ.) का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल चनाप, जिला कोषालय अधिकारी, अति. जिला पेंशन अधिकारी, सहायक पेंशन अधिकारी धनेन्द्र कुमार उईके सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर सु जैन द्वारा पीपीओ वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शासकीय सेवा के दौरान किये गये कार्यों की सराहना करते सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पौधे भेंट कर उनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इन्हें किया गया पीपीओ का वितरण- सहायक ग्रेड-3 गनाराम धुर्वे, भृत्य गौरीशंकर ठाकरे, सहायक शिक्षक

पेशराम भलावी, प्रधान पाठक केशव राव गोपाले, प्रभारी नायब तहसीलदार प्रमोद कुमार उपगडे, सहायक शिक्षक नरेन्द्र कुमार राजनेगी, प्रधान आरक्षक नंदुसिंह राकेश्वरी, पोल्टी व्हेक्सीनेटर नारायण प्रसाद सोनी, प्राथमिक शिक्षक गुलाम रब्बानी अंसारी, सहायक उपनिरीक्षक डील सिंह भलावी, ओमप्रकाश धोलपुरी, कबीरदास अहरवाल, हंसराज दुबे, भृत्य शंकर लाल प्रजापति, वाटरमेन मति प्रभा टेकाम, सहायक शिक्षक मोतीलाल मरकाम, सहायक शिक्षक रघुवीर सिंह मालवीय, शीघ्र लेखक यमुना प्रसाद यादव, सहायक शिक्षक सुमत लाल कुमरे, कम्पाउंडर वंशगोपाल वर्मा, डाक रनर राजकुमार मरावी उर्फ विनेंद्र, प्रधान आरक्षक रघुराज नागोतिया, व्याख्याता भेजनलाल रहांगडाले को पीपीओ का वितरण किया गया।

सी.एम.राईज स्कूल सुकतरा में 10 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सी.एम.राईज. शा.उ.मा.वि. सुकतरा में 20 अप्रैल से शुरू होकर 30 तक 10 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया है। 20 अप्रैल को कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ संस्था में प्राचार्य श्री संजय श्रीवास्त्री द्वारा बच्चों पुष्प गुच्छ भेंटकर मां सरस्वती की पूजन उपरांत छात्र/छात्राओं सरस्वती वंदना करने के पश्चात योग एवं खेल कराए गए। उसके बाद सभी छात्रों को जिस विद्या में उनकी रुचि थी उसे अनुसार उनको बांटकर समूह बनाए गए एवं अलग-अलग कक्षाओं में व्यवस्थित रूप से गतिविधियां कराई गई। इन गतिविधियों के लिए विद्यालय में व्यवस्थित समय सारणी एवं कक्षा व्यवस्था करके बच्चों को हिंदी लेखन कला, इंग्लिश स्पीकिंग, ड्राइंग, मेंहदी रंगोली, इनडोर गेम्स शतरंज कैरम, जिसमें प्रतिदिन 1 घंटे की स्पीकिंग क्लास में सेल्फ इंट्रो एवं हाउ टू स्पीक बच्चों को सिखाया गया। लेखन विद्या की कक्षा में कविता लेखन निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण, भाषा विषय पर नियंत्रण को सिखाया गया। साथ ही कक्षा में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान भी आयोजित किए गए जैसे जलगंगा संवर्धन अभियान, पर्यावरण शिक्षा, पृथ्वी दिवस कार्यक्रम, पहलगाम हमला पर मृतकों को श्रद्धांजलि, जीवन कला कौशल, आत्मविश्वास में वृद्धि, सामाजिकता से जोड़ना जैसे विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए।

भगवान परशुराम जयंती पर बरघाट मे निकली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरघाट।

ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव पर ब्राह्मण समाज समिति बरघाट द्वारा पूरी भव्यता के साथ मनाया गया। मुख्यालय बरघाट मे मंगलवार को भगवान परशुराम जयंती पूरे जोश के साथ मनाई गई जिस मे सवंप्रथम प्रातः 8 बजे से भगवान परशुराम वाटिका एवं पुस्तकालय, मंदिर स्थान फरसा स्थल वाडं नंबर 13 मढिया वाडं मे भगवान परशुराम जी छायाचित्र एवं स्थापित फरसा का पूजन पाठ अनिल पाठक ममता पाठक द्वारा किया गया जिसके पश्चात प्रातः 9 बजे ब्राह्मण समाज समिति द्वारा कबीर गाडंन के बाजू से वाहन रैली निकाली गई जो की माता मंदिर रोड के सामने से कान्हीवाडा चौक पहुचेगी जहाँ से सुभाष चौक, नगर परिषद के सामने पहुची जहाँ पर नगर परिषद अध्यक्ष मती इमरता साहू, उपाध्यक्ष मती ममता अनिल पाठक, पार्षद असंत पद्रे, व नगर परिषद कर्मचारियो द्वारा परशुराम भगवान पूजन कर विप्र बंधु का पुष्प बरसा कर, पानी व ठंडा जूस पिलाकर स्वागत किया तो राममंदिर के सामने नगर परिषद पूवं अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर व समाजसेवी पंकज मिश्रा ने भगवान परशुराम का पूजन करके वाहन रैली का अभिनन्दन किया जिसके बाद वाहन रैली बस स्टैंड, गाधी चौक मे भाजपा नेता विकास जैन, अंशुल पवार ने पुष्पवषां के साथ स्वागत किया जिसके बाद वाहन रैली अस्पताल के सामने से, कन्या शाला होते हुए राजराजेश्वरी चौक पहुची जहाँ से वापस होकर मेन रोड होते हुऐ नया बस स्टैंड मंगल भवन पहुची जहाँ पर भगवान परशुराम जी का पूजन अध्यक्ष शिवशंकर शमां एवं मती सुषमा शमां ने किया जिसके बाद ब्राह्मण समाज समिति सिवनी से पधारे प्रशांत शुक्ला, अजय मिश्रा, युवा परशुराम वाहिनी जिला अध्यक्ष, मती मालती दीक्षित, जगदीश उपाध्याय, नगर परिषद उपाध्यक्ष मती ममता पाठक अशोक तिवारी, अखिलेश पाडे चंकी, रामनारायण दीक्षित, ऋषभ दीक्षित, शोभनलाल तिवारी, सहित मंच मे विराजे अतिथियो का स्वागत तिलत, बैच, दो पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया जिसके बाद हनुमान योग के संबंध मे आयंन तिवारी जस्सू ने बताया कि उनकी जल्द ही हनुमान योग पर बुक भी आ रही है व अभी यूट्यूब पर भी आप हनुमान योग को सुन देखकर कर लाभ ले सकते है इसके बाद ब्राह्मण समाज बरघाट ने ब्लाक के बच्चों मे अनु पाडे, आयंन तिवारी, तनिक्षा तिवारी, स्नेहिल तिवारी अन्य उपलपब्धि प्राप्त करने वाले समाज के गौरव का सम्मान किया गया वही वरिष्ठजनो का उदबोधन हुआ सिवनी आऐ सामाजिक लोगो कहा कि हमेशा हम सब आपके साथ है और ब्राह्मण समाज सिवनी हमेशा सहयोग के लिए तैयार खडा है ब्राह्मण समाज समिति शिवशंकर शमां अध्यक्ष ने कहा कि बरघाट समाज समिति के स्थल पर जल्द ही भगवान परशुराम का मंदिर के साथ जल्द से जल्द भवन का काम प्रारंभ होगा हम उम्मीद करते है कि सभी के सहयोग से आनेवाली अक्षयतिथि तक बहुत कुछ हो जाऐगा मंच संचालन जुगलकिशोर पाडे ने किया तो मंच से ही नगर व क्षेत्र के पुरोहित कायं कर रहे शंशाक मिश्रा, अजय पाडे, नन्हे बालक ईशान पाडे टीकेश्वर पाडे सहित अन्य का भी सम्मान किया गया आभार पूवं पाषंद अनिल पाठक ने किया समापन मे स्वरूचि भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है परशुराम जयंती को सफल बनाने नीरज मिश्रा पत्रकार, आशीष दीक्षित, ललित पाठक, अविनाश तिवारी, राधेश्याम मिश्रा, योगीराज पाठक, कान्हा पाठक, अंबर पाठक, सहित सभी का सहयोग रहा।

मई में इतने दिन बंद रहेंगे बैंक 46 दिन तक स्कूलों में छुट्टी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मई 2025 में मध्यप्रदेश में कई दिन बैंकों में छुट्टियां रहेगी। अगर आपको भी आने वाले महीने में बैंकिंग से जुड़ा कोई काम है, तो पहले मई 2025 की बैंक हॉलिडे लिस्ट जरूर देख लें। 2 मई को शंकराचार्य जयन्ती से लेकर 25 मई 2025 साप्ताहिक अवकाश तक कई दिनों बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में बच्चों के स्कूल 1 मई से लेकर 15 जून तक बंद रहेंगे। **मई 2025 की बैंक हॉलिडे लिस्ट** 2 मई 2025 (शुक्रवार): 2 मई को शंकराचार्य जयन्ती के कारण बैंक(**Bank Holiday**) बंद रहेंगे। 4 मई 2025 (रविवार): साप्ताहिक अवकाश के कारण प्रदेश के सभी बैंकों में अवकाश रहेगा। 10 मई 2025 (दूसरा शनिवार): आरबीआई के नियमों के अनुसार महीने के दूसरा शनिवार को बैंक अवकाश होता है। 11 मई 2025 (रविवार): साप्ताहिक अवकाश के कारण प्रदेश के सभी बैंकों में अवकाश रहेगा। 12 मई 2025 (सोमवार): बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मध्य प्रदेश में बैंक बंद हैं। 18 मई 2025 (रविवार): साप्ताहिक अवकाश के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। 24 मई 2025 (चौथा शनिवार): चौथा शनिवार बैंक अवकाश होता है। 25 मई 2025 (रविवार): साप्ताहिक अवकाश। **46 दिन तक स्कूलों में छुट्टी** मध्यप्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी की घोषणा कर दी है। इस बीच छात्रों को गर्मी से राहत मिलेगी और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन छुट्टियों की घोषणा हुई है। 1 मई से लेकर 15 जून तक स्टूडेंट्स को 46 दिन की छुट्टी मिलने वाली है। जबकि शिक्षकों को एक महीने की छुट्टी मिलेगी

प्रमंडल सदस्य जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के डॉ बृजेश अर्जरिया ने किया कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी का भ्रमण

अर्जरिया ने कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसान हितेषी विभिन्न कार्यों की सराहना

कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी विगत तीन दशक से किसान हितैषी विभिन्न कार्यों जैसे कृषि नवाचार एवं नवीनतम उन्नतबीज, मौसम सलाह, समसामयिक सलाह आदि की जानकारी लगातार प्रदान कर रहा है

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर केप्रमंडल सदस्य डॉ बृजेश अर्जरिया द्वारा केंद्र में प्रथम आगमन हुआ आपने द्वारा केवीके का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया एवं वैज्ञानिकों के साथ चर्चा कर किसानों को वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, नैनो तकनीक, उन्नत बीज, फसल विविधीकरण, नरवाई प्रबंधन आदि विषय पर किसानों को बेहतर सलाह एवं जानकारी प्रदान करने की बात कही एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र परिवार की ओर से डॉ बृजेश अर्जरिया प्रमंडल सदस्य का शाल श्रीफल एवं पुष्प माला से सम्मान किया गया इस दौरान केवीके के डॉ के के देशमुख, डॉ निखिल सिंह, डॉ जीकेराना, इंजीनियर कुमार सोनी, श्रीमती आभा श्रीवास्तव, देवी प्रसाद तिवारी, शुभम झरिया, नीत लाहोरी, गोलूएवंसंदीप यादव आदि की उपस्थिति रही।

नगर वन के कार्य में हो रही भारी अनियमितता?
ठेकेदार के रूप में कार्य कर रहें रेंजर धमेन्द्र बिसेन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वैसे तो कई दिनों से जिलों में स्थित वन विभाग निर्माण कार्यों में की गई अनियमितता को लेकर सुर्खियों में रहा हैं तथा वन विभाग में चाहे बिल्डिंग कार्य हों, प्लांटेशन हो । इन सभी कार्यों में विभाग द्वारा बरती गई अनियमितता समाचार पत्रों की सुर्खियां बनती रही हैं, किन्तु इन सब बातों से वनविभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने कोई सीख नहीं लिया। क्योंकि अभी बालाघाट वनपरिक्षेत्र सामान्य के अंतर्गत नगर वन का कार्य चल रहा हैं जिसमें फेंसिंग साथ-साथ मुरूम के भी कार्य किये जा रहे हैं जिसमें गुणवत्ता का ध्यान नही दिया जा रहा हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जहां नगर वन के कार्य में स्टीमेंट के हिसाब से कार्य नही हो रहा हैं। तथा नगर वन के कार्य स्थल पर कोई बोर्ड नही लगाया गया हैं एवं बोर्ड नहीं होने से जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही कि कितनी लागत से बनाई गई हैं।

धमेन्द्र बिसेन, रेंजर बालाघाट

आग बुझाने वाले टेंकरों का निर्माण कार्य में खुलेआम दुरूपयोग

नगर वन निर्माण कार्य में करोड़ों की राशि स्वीकृत होने के बाद भी धन कमाने की मंशा से वन परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट धमेन्द्र बिसेन विभाग के संसाधनों का खुलेआम दुरूपयोग कर रहें हैं। जबकि इस भीषण गर्मी में वन क्षेत्रों में आग लग रही हैं लेकिन दक्षिण वनमंडल सामान्य का आग बुझाने का टेंकर एक सप्ताह से शंकर घाट में खड़ा कर निर्माण कार्य में तराई का कार्य लिया जा रहा हैं। अगर निर्माण कार्य में विभाग ने करोड़ो का प्रकलन तैयार किया हैं तो तराई कार्य के लिए राशि भी आवंटन हुई होगी किन्तु निर्माण कार्य में वन परिक्षेत्र अधिकारी धमेन्द्र बिसेन वनों की सुरक्षा कम और ठेकेदार ज्यादा नजर आ रहे हैं।

रिश्तेदारों से बुलवाई सामग्री

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगर वन निर्माण कार्य में लोहा, गिट्टी, सीमेंट, रेत की निविदा विभाग द्वारा निकाली गई किन्तु चर्चा का विषय का बना हुआ हैं। गर्रा स्थित हिमाद्री ट्रेडर्स से गुणवत्ताहीन लोहे के एंगल बुलवाये गये हैं। हिमाद्री ट्रेडर्स से वन परिक्षेत्र अधिकारी धमेन्द्र बिसेन की रिश्तेदारी की चर्चा चौक-चौराहों पर चल रही हैं। लंबे समय से बालाघाट में जमे रेंजर धमेन्द्र बिसेन की अब आमजन स्थानांतरण की मांग कर रहें हैं। बालाघाट वन परिक्षेत्र के साथ अतिरिक्त प्रभार वन परिक्षेत्र हट्टा तथा उड़दस्ते का भी प्रभार विश्वसनीय जिम्मेदार अधिकारी के कंधों में डाल रखा हैं। सूत्र बताते हैं धमेन्द्र बिसेन की वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर राजनीति के गलियारों में मजबूत पकड़ हैं तब तो साहब पूर्व मंत्री गौरीशकर बिसेन के सामने वाला ही बंगला अपने नाम आवंटित करवा लिया हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट से नगर वन निर्माण कार्य को लेकर फोन पर चर्चा करने के लिए उनके नंबर पर डायल किया गया किन्तु धमेन्द्र बिसेन के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

इनका कहना है

आग बुझाने वाले टेंकर के दुरूपयोग के संबंध में वनमंडल अधिकारी से चर्चा की गई, उन्होंने कहा कि स्टीमेट देखकर कार्यालयीन समय पर बताया जाएगा। आप कार्यालय आकर संपर्क कर सकते हैं।

अधर गुप्ता
वन मंडल अधिकारी
दक्षिण सा. बालाघाट

मां के हस्ते बिसेन बंधुओं ने किया शीतल पेयजल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मां वैनगंगा नदी के तट पर बसी औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा में बीते कल बिसेन बंधु विशाल बिसेन तथा वैभव बिसेन के द्वारा अपने स्व.पिता श्री रमाशंकर बिसेन के स्मृति में माताश्री छाया बिसेन के हस्ते फीता काटकर शीतल पेयजल का शुभारंभ किया गया हैं। भीषण गर्मी के दौरान प्यासे कंठो को तर करने की मंशा से गर्रा चौराह सहित अन्य 6 स्थानों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था बिसेन बंधुओं के द्वारा स्वयं के व्ययों से की गई हैं। श्रीमती छाया बिसेन की सकारात्मक सोच का ही परिणाम हैं, गर्रा चौराहे सहित अन्य स्थानों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था नजर आ रही हैं। श्रीमती छाया बिसेन समाजसेवी और ग्राम विकास में उनका सहयोग निरंतर मिलते रहता हैं। कार्यक्रम के दौरान सरपचं वैभव बिसेन, विशाल बिसेन, डॉ अशोक गुप्त, राजा ठाकरे सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहें।

बच्चे की मौत पर परिजनों ने डाक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

न्यू समर्पण हास्पिटल के सामने परिजनों का हंगामा, पुलिस ने परिजनों को हटाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के न्यू समर्पण हॉस्पिटल में एक साल दो माह के बच्चे की मौत हो गई। वारासिवनी क्षेत्र के कासपुर आमाटोला निवासी प्रकाश कटरे के बेटे लोकेश को दस्त और उल्टी की शिकायत पर 22 अप्रैल को भर्ती कराया गया था।

परिजनों के अनुसार, 29 अप्रैल की शाम तक बच्चा स्वस्थ था और खेल रहा था। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने वार्ड का दरवाजा बंद कर दिया। रात में कंपाउंडर एक बच्चे को सफेद कपड़े में लपेटकर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गया। जिला अस्पताल में जाकर पता चला कि वह उनका बेटा था और उसकी मृत्यु एक घंटे पहले हो चुकी थी।

पिता का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने इलाज के नाम पर उनसे कई बार 20 से 25 हजार रुपए तक लिए। 30 अप्रैल को परिजनों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने अस्पताल के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया। अस्पताल प्रबंधन ने गेट बंद कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने दोपहर 4 बजे बच्चे का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

इनका कहना हैं

मृतक के परिजनो के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई, हमारे द्वारा मर्ग कायम किया गया हैं, पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

विजय राजपुत, टीआई कोतवाली बालाघाट

मामला ग्राम पंचायत की बैठक बुलाए बिना सरपंच सचिव द्वारा राशि का किया गया था आहरण

पंचों द्वारा की गई अमोली सरपंच सचिव की शिकायत पर हुई जाँच

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

क्या. मनोनीत सरपंच को बिना पंचायत की बैठक बुलाए, बिना प्रस्ताव लिए कोई भी निर्णय और राशि आहरण करने का अधिकार है..? यह मामला ग्राम पंचायत अमोली का सामने आया है ग्राम पंचायत अमोली की मनोनीत सरपंच और ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा पंचायत की बैठक बुलाए बिना फर्जी तरीके से राशि का आहरण किया गया है और मनमानी की गई उक्त गंभीर मामले की शिकायत ग्राम पंचायत अमोली के पंच तूफान गुप्ता, योगेश सोनी, सीमा मात्रे, मनीषा गुप्ता, एवं विजय यादव के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा से की गई थी उक्त शिकायत की जांच सोमवार को जनपद पंचायत लालबर्रा के जांच दल जिसमें गोपाल राव निकुरे, एवं चंदन सिंह मर्सकोले पंचायत समन्वयक जनपद पंचायत लालबर्रा द्वारा शिकायतकर्ताओं,सरपंच, सचिव की उपस्थिति में की गई जांच दल द्वारा शिकायतकर्ताओं के कथन लिए गए है जांच अधिकारी गोपाल राव निकुरे ने बताया कि ग्राम पंचायत अमोली की जांच की जा रही है जिसमें शिकायतकर्ताओं और सरपंच के कथन लिए गए हैं दस्तावेजों का सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा वही मीडिया ने शिकायतकर्ता तूफान गुप्ता से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि हम अमोली के पंचो द्वारा मुख्य का र्य पा ल न अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा को एक शिकायत की गई थी जिसकी जांच हमारे समक्ष जांच दल द्वारा की गई है। कथन लिए गए हैं हमारी मांग है कि नियम विरुद्ध तरीके से पंचायत की बैठक आहूत किए बगैर एवं पंचायत के प्रस्ताव लिए बिना अमोली की मनोनीत सरपंच और ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा राशि का आहरण किया गया और कुछ फर्जी भुगतान किए गए हैं हम चाहते हैं कि की जांच अधिकारी सभी तथ्यों को सामने रखकर पंचायती राज अधिनियम एवं ग्राम स्वराज अधिनियम मे निहित प्रावधानों के अनुसार निष्पक्ष जांच करें और दोषियों पर कार्रवाई..अब देखना होगा कि क्या जांच अधिकारी कितने जल्द अपने आला अधिकारी को अमोली मामले पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हैं।

फर्जी भुगतान का आरोप : शिकायतकर्ता तूफान गुप्ता ने मीडिया को बताया कि ग्राम पंचायत अमोली के पंचों द्वारा 4 मार्च 2025 को अमोली के सरपंच किशोर पडवार को अविश्वास प्रस्ताव लाकर पद से हटा दिया गया था और 20 पंचों की सहमति से अनुसूचित जनजाति वर्ग से श्रीमती सुकवन समनपुरे को कार्यवाहक सरपंच मनोनीत किया था, मनोनीत कार्यवाहक सरपंच द्वारा पंचायत की बैठक बुलाए बिना, निर्वासित सरपंच किशोर पड़वार से प्रभार की जानकारी दिए बिना अनाधिकृत्य रूप से वित्तीय आहरण किया गया और कुछ फर्जी भुगतान सरपंच सचिव द्वारा किए गए हैं जो नियम विरुद्ध और पंचायती राज अधिनियम मे निहित प्रावधानों के विपरीत है मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई।

व्यर्थ जल बहाने और नपा के नल कनेक्शन से पम्प लगाकर पानी खिंचने पर अब तक 15 पम्प जप्त

बालाघाट। ग्रीष्मकाल में जलसंकट की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया है। ऐसी स्थिति में नगरपालिका द्वारा लगातार जल के अपव्यय को रोकने के लिए दल बनाकर नगर में निगरानी की जा रही है। नपा सीएमओ श्री बीड़ी कतरोलिया ने बताया कि गत दिनों से दलों द्वारा जल प्रदाय के कार्यो को देखते हुए निगरानी के साथ ही कार्यवाही भी जारी है।जलसंरक्षण अभियान के तहत जल का महत्व बताते हुए जल को व्यर्थ बहाने तथा टिल्लू पंप के माध्यम से नगरपालिका के नल कनेक्शन से पानी खिंचने से रोकने जतागरूकता फैलाई जा रही है।परंतु कुछ लोग अब भी टिल्लू मोटरपंप से पानी खिंचकर जरूरतमंदों तक पानी पहुंचने में बाधा उत्पन्न कर रहे है। ऐसे लोगों के विरूद्ध सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया के निर्देश पर नपा की जलप्रदाय शाखा की टीम द्वारा वार्डो में पहुंचकर टिल्लू पंप जब्ती की गई।

पीड़ित बच्चियों से मिले उमंग सिंघार, एक लाख रुपए देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 30 अप्रैल को सामूहिक दुष्कर्म पीड़िताओं के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की और गांव की स्थिति का जायजा लिया।

सिंघार ने कहा कि यह मामला राजनीति का नहीं, पीड़िताओं को न्याय दिलाने का है। उन्होंने पुलिस पर आरोपियों की शिनाख्ती में देरी का आरोप लगाया। उनके अनुसार, प्रदेश में 2022 से अब तक एससी-एसटी समाज के साथ 7,700 से अधिक बलात्कार और हत्या की घटनाएं हुई हैं।

2024 से अब तक 7,250 बलात्कार की घटनाएं दर्ज हुई हैं। यह औसतन प्रतिदिन 30 घटनाओं के बराबर है। सिंघार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के मौन पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास होने के बावजूद कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। विधायक दल पीड़िता को एक लाख रुपए की सहायता देगा। इसके अलावा 32 परिवारों को 10-10 हजार रुपए की मदद दी गई है।

नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री राहत कोष से पीड़िताओं की मदद की मांग भी की है। साथ ही गांव में सड़क, बिजली, पानी, किसानों को 12 घंटे बिजली देने और जर्जर स्कूलों को बनाए जाने की बात कही।

रोशना आंगनबाड़ी केन्द्र में पादुका वितरण और सम्मान समारोह

कार्यक्रम, 500 लोगों को पादुका वितरण, 4 लोगों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

30 अप्रैल को आंबेडकर जयंती, अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के अवसर पर जिले के रोशना आंगबाड़ी केन्द्र में पादुका वितरण और सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से समाजसेवी राजेश पाठक, एडीएम जी.एस. धुर्वे, उद्योगपति आशीष कांकरिया, निशांत बिसेन, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शैलेन्द्र चौकसे, समाजसेवी अजय मिश्रा, मूलचंद राठौर, रोशना पंचायत सरपंच राजेन्द्र डोंगरे, विश्व शांति जनकल्याण संस्था संरक्षक सुरेन्द्र कुमार खोब्रागढ़े और सुपरवाईजर पदमा वासनिक मौजूद थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद बारी-बारी से अतिथियों का स्वागत किया गया और कार्यकर्ता मंजु खोब्रागढ़े के स्वागत गीत से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेश पाठक ने, आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से चलाए जा रहे आओ आंगनबाड़ी गोद ले अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रयास से निश्चित ही आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों को सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का यह प्रयास प्रेरणादायी है, जिन्होंने आसपास के ग्रामीणों की मदद के लिए, चरण पादुका जैसे कार्यक्रम को इसमें समाहित किया है। उन्होंने कहा कि, आंगनबाड़ी को हमने गोद लिया है और समय-समय पर आंगनबाड़ी की आवश्यकताओं को हम पूरा करते रहेंगे।

ठेकेदारों को पुलिस से लेनी होगी अनुमति; कैश और वाहन ले जाने पर रहेगी नजर

नक्सली क्षेत्र में तेंदूपत्ता सीजन की नई गाइडलाइन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने नक्सलियों की फंडिंग रोकने के लिए नया प्लान तैयार किया है। पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह ने वन विभाग के अधिकारियों और तेंदूपत्ता ठेकेदारों के साथ बैठक की।

बालाघाट के दक्षिण और उत्तर सामान्य वनमंडल में तेंदूपत्ता तुड़ाई और संग्रहण का काम होता है। इस काम से स्थानीय आदिवासियों और ग्रामीणों को रोजगार मिलता है। शासन के निर्देश पर मजदूरों को बोनस भी दिया जाता है। बालाघाट का तेंदूपत्ता अच्छी क्वालिटी का होने से महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के ठेकेदार यहां आते हैं।

इस बार जिले में 21 ठेकेदार और 58 से अधिक तेंदूपत्ता समितियां काम करेंगी। करीब 720 फड़ों में तुड़ाई और संग्रहण का काम होगा। पुलिस ने सभी ठेकेदारों और समितियों का थाना प्रभारियों से परिचय करा दिया है। इससे नक्सली दबाव की सूचना वे सीधे पुलिस को दे सकेंगे।

एसपी नगेन्द्रसिंह ने बताया कि मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे का लक्ष्य है। इसलिए तेंदूपत्ता सीजन में नक्सली फंडिंग रोकने के लिए विशेष तैयारी की गई है। ठेकेदारों और समितियों से बंधपत्र भी लिया गया है। बैठक में दक्षिण सामान्य वनमंडल अधिकारी अधर गुप्ता, उत्तर सामान्य वनमंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

आज होगा अधिवक्ता संघ बैहर के अध्यक्ष पद का चुनाव ।105 अधिवक्ता करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज बैहर। बालाघाट जिले की बैहर तहसील के व्यवहार न्यायालय में प्रैक्टिशनर अधिवक्ता संघ बैहर का आज अध्यक्ष पद और उसके कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा । जिसमें लगभग 105 अधिवक्ता अपने मतों का उपयोग कर संघ का अध्यक्ष चुनेगा, चर्चा के दौरान निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता श्री जे.पी.कटरे ने बताया की, अधिवक्ता संघ की स्थापना सन 1991 में पंजीयन क्रमांक 186/1991 के तहत की गई थी, तब से लेकर लगातार अध्यक्ष और उसके कार्यकारिणी सदस्यो का द्विवर्षीय कार्यकाल रखा गया है। इसी तारतम्य में आज जो अधिवक्ता संघ का चुनाव होना है, वह 14 वा चुनाव होगा जिसके तहत मतदान प्रक्रिया से संघ का अध्यक्ष चुना जाएगा। जिसमें मुख्य छह पदों को मतदान प्रक्रिया से पूर्ण की जावेगी। जिसमें मुख्य पद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सहसचिव, और ग्रन्थालय, आदी पदो पर चुनाया कराया जा रहा है। निर्वाचन अधिकारी श्री कटरे ने आगे बताता की, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए अबतक तीन नामांकन प्राप्त हुवे है, जिसमें अधिवक्ता, आर. के चौहान, अधिवक्ता सोनकुशरे , अधिवक्ता टी आर बघेले ने अपना नामांकन फार्म भर अध्यक्ष पद हेतु दावेदारी पेश की है।

महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में पारंपरिक रूप से मनाया गया अक्षत तृतीया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय में दिनांक 30 अप्रेल को अक्षय तृतीया पारंपरिक रूप से मनाया गया , सर्वप्रथम गुरु परंपरा , महर्षि महेश योगीजी एवं मां सरस्वती के छायाचित्रों पर प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया एवं श्री नीरज तिवारी के द्वारा माल्यार्पण किया गया।उसके पश्चात गुरुपूजन कर विद्यार्थियों और सभी शिक्षकों के साथ भावातीत ध्यान का अभ्यास श्री मनोज ज्योतिषी एवं श्रीमती सुनीता तिवारी के निर्देशन में किया गया। अक्षय तृतीया के इस पुण्य अवसर पर कलश स्थापना कर पूजन संपन्न किया गया ।आज ही के दिन महर्षि विश्व शांति आंदोलन की इकाई सहस्त्रशीर्षा पुरुषा मंडल का स्थापना दिवस मनाया गया इस विषय पर इस दिवस तथा अक्षय तृतीया के विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया ने सभी के जीवन में खुशहाली एवं समृद्धि की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की।अक्षय तृतीया के अवसर पर संस्था के वरिष्ठ शिक्षक श्री नीरज तिवारी ने सभी को एक शपथ दिलाई जिसमें परम पूज्य महर्षि महेश योगीजी के सपनों को साकार करने के लिए प्रण लिया गया , महर्षि जी ने समाज में सुख शांति की स्थापना हेतु सामूहिक चेतना को परिष्कृत करने के लिए भावातीत ध्यान की सरल ,सहज एवं स्वाभाविक पद्धति से हमे परिचय कराया है ।इसके नियमित अभ्यास से हम अपने एवं दूसरों के जीवन में अक्षय आनंद को सहज रूप से प्राप्त कर सकते है।सभी ने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शपथ ली कि हम सब समाज की सामूहिक चेतना में सकारात्मकता विकसित करने हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे और अपने तथा पूरे विश्व में भूतल पर स्वर्ग स्थापित करेंगे।इसी दिन संस्था के प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात वापस लौटने पर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया तथा संस्था के दो वरिष्ठ साथियों श्री वासुदेव भूते और श्रीमती अनुपमा गौतम ने प्राचार्य के साथ अपने अनुभव साझा कर उन्हें बधाई दी,वही श्री सतीश कुमार चौरसिया ने भी विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन श्री नीतेश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।